Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding supply of water from Sardar Sarovar main Canal to the Eastern Areas of the canal

श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर) : सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देती हूं। महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर स्थित सरदार सरोवर की मुख्य नर्मदा कैनाल सौराष्ट्र तक जाती है। मुझे गर्व है कि मोदी जी के नेतृत्व में हर घर नल से जल योजना का लाभ पूरे गुजरातवासियों को मिल रहा है। इसमें मेरे लोक सभा क्षेत्र स्थिति सरदार सरोवर की अहम भूमिका है।

महोदय, हम पीने का पानी पूरे गुजरात को देने में सक्षम हो पा रहे हैं, लेकिन सरदार सरोवर मुख्य कैनाल के पूर्व भाग के सभी क्षेत्र जैसे छोटा उदयपुर, कंवाट, नसवाड़ी, बोडली, पावीजैतपुर तहसील में खेती की सिंचाई के लिए आज भी बारिश के जल के अलावा कोई अन्य साधन नहीं है और खेती के लिए बारिश के जल पर ही निर्भर रहना पड़ता है। बारिश नहीं होने पर किसान भाइयों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और इनकी फसल भी नहीं हो पाती है, जबकि इसके पश्चिम भाग में सौराष्ट्र तक जाने वाली मुख्य कैनाल से खेती की सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा है।

महोदय, उसी तर्ज पर यदि पूर्व भाग में भी खेती की सिंचाई के लिए सुविधा प्रदान कर दी जाए तो यह निश्चित तौर पर किसान भाइयों के लिए लाभकारी होगा। धन्यवाद।